**हेरिटेज निगम : अस्थाई अतिक्रमण पर निगम कस रहा शिकंजा, आमजन की राह हो रही सुगम**

**सतर्कता शाखा ने पिछले तीन में ताबड़तोड़ कार्रवाई कर 33 ट्रक सामान किया जब्त, 60 हजार रुपए का किया चालान**

जयपुर। शहर में सड़क और बरामदे पर लगातार हो रहे अस्थाई अतिक्रमण से अब शहर फ्री होने लग गया है। हेरिटेज निगम की सतर्कता शाखा की पिछले तीन दिनों से चल रही ताबड़तोड़ कार्रवाई से शहर में बरामदे और सड़क जाम से मुक्त हो रहे है, जिसके परिणामस्वरूप अब आमजन की राह भी सुगम होती जा रही है। हेरिटेज निगम उपायुक्त सतर्कता पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि परकोटे सहित शहर में अन्य इलाकों में दस्ते ने पिछले तीन दिनों में अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई 33 ट्रक सामान जब्त किया है। साथ ही 60 हजार रुपए परिवहन शुल्क वसूल किया है। गुरुवार को भी दस्ते ने पुलिस निरीक्षक श्रीमोहन मीणा के नेतृत्व में गुर्जर की थड़ी, पिंक स्क्वायर, ट्रांसपोर्ट नगर, दिल्ली रोड, सूरजपोल , रामगंज, बड़ी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड़ और चौड़ा रास्ता में कार्रवाई कर अतिक्रमण हटा दिया है। शहर में अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। साथ ही बाजारों में मुनादी कर अतिक्रमण दुबारा होने से रोका भी जा रहा है। फिर भी कोई अस्थाई अतिक्रमण दुबारा करता है तो सख्त कार्रवाई होगी।




पाण्डेय पान भण्डार
PINK CITY




बंगाली बाबा आत्माराम
स्थान-श्री गणेश मन्दिर, बंगाली




दैनिक
हिलव्यू समाचार
COMING SOON
अमृतसरी नॉन
नॉन 2
50/-
लच्छा पराठा 2
50/-
तन्दूरी रोटी 4
50/-
ABV